BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सुनिश्चित करें कि आपकी छुटिट्यां मजेदार हों – आग संबंधी और इलेक्ट्रिकल सुरक्षा पर पूरा ध्यान देना याद रखें

***ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज, हॉलिडे सेफ्टी अभियान शुरू कर रही है***

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (1 दिसम्बर, 2020) – छुट्टियां आने वाली हैं, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services), निवासियों को आग संबंधी और इलेक्ट्रिकल सुरक्षा पर बहुत अधिक ध्यान देने की सलाह देता है।

इलेक्ट्रिकल उपकरण, ओनटैरियो में घरों में आग की घटनाओं का मुख्य कारण हैं। इस छुट्टियों के सीजन में खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रखने के लिए, आग संबंधी और इलेक्ट्रिकल सुरक्षा के इन उपायों का पालन करें:

- कोर्ड्स की खराबी की जांच करें, जैसे कि घिस जाना। खराब कोर्ड, बिजली की तारों से लगकर संभावी झटकों या आग लगने के खतरे का कारण बन सकती है।
- गलीचों के नीचे कोर्ड्स संचालित न करें, जो कोर्ड को खराब करके आग लगने का कारण बन सकते हैं।
- केवल अस्थायी कनेक्शंस के लिए ही एक्सटेंशन कोर्ड्स का उपयोग करें। यदि स्थायी तारें लगाने की जरूरत है, तो लाइसेंसशुदा इलेक्ट्रिशियन से अतिरिक्त आउटलेट इंस्टॉल करवाएं।
- एक्सटेंशन कोर्ड्स को इकट्ठे न जोड़ें – ऐसी एक्सटेंशन कोर्ड का उपयोग करें, जो काम करने के लिए पर्याप्त लंबी हो।

इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कि छुट्टियों में सुरक्षित कैसे रहा जाए, www.bramptonfire.com पर जाएं।

**हवाले**

"हम छुट्टियों का जश्न मना रहे हैं, आइए सुनिश्चित करें कि हम ऐसा सुरक्षित रूप से कर रहे हैं। ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज में हमारी टीम के पास, इस सीजन आपको और आपके प्रियजनों को सुरक्षित रखने में मदद के लिए बहुत-से सुझाव हैं। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं कि इस वर्ष आप सुरक्षित रहकर, छुट्टियों का आनंद कैसे ले सकते हैं!"

– *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"स्वस्थ और सुरक्षित समुदाय को सुनिश्चित करना, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की मुख्य प्राथमिकता है। इस सीजन, सुनिश्चित करें कि आपके पास आग संबंधी और इलेक्ट्रिकल सुरक्षा के बारे में वह जानकारी है, जिसकी आपको छुट्टियों में जरूरत है, ताकि आप घर में आराम से, अपने प्रियजनों के साथ इस समय का आनंद ले सकें।"

– *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"इस वर्ष, चूंकि हम छुट्टियों के दौरान पूरा समय घर में बिता रहे हैं, इसलिए हम निवासियों को सलाह देते हैं कि वे आग संबंधी और इलेक्ट्रिकल सुरक्षा पर ध्यान दें। सुरक्षा संबंधी सुझावों के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं और सुनिश्चित करें कि इस विशेष समय के दौरान आपका परिवार सुरक्षित है।"

– *बिल बोइस (Bill Boyes), फायर चीफ, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज*

"हमारी टीम, हमारी सिटी और हमारे निवासियों को सुरक्षित रखने का हर संभव प्रयास करते हुए, रोज़ाना काम करती है। मैं सभी निवासियों को सलाह देता हूं कि वे छुट्टियों में, आग संबंधी और इलेक्ट्रिकल सुरक्षा बारे जानें। इकट्ठे काम करने से, हम आग की रोकथाम से बदलाव ला सकते हैं।"

– *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca